आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- यूपीआई ने इस वर्ष अगस्त में पहली बार बीस अरब से अधिक लेनदेन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है।
- दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में कल बैठक आयोजित की जाएगी।
- नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में द्वीपसमूह के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन ।
- बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना को देखते हुए जहाज नालंदा की आज की यात्रा स्थगित।

<><><><><><><>

एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस – यूपीआई ने इस वर्ष अगस्त में पहली बार बीस अरब से अधिक लेनदेन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह पिछले वर्ष अगस्त में 14 अरब 90 करोड़ से 34 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान 24 लाख 85 हजार करोड़ रुपये का आदान–प्रदान किया गया। इसमें 24 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।

उधर, देश का वस्तु और सेवा कर–जीएसटी संग्रह इस वर्ष अगस्त में पिछले वर्ष के इसी माह की तुलना में 6 दशमलव 5 प्रतिशत बढ़कर एक लाख 86 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक हो गया। सकल घरेलू राजस्व लगभग एक लाख 37 हज़ार करोड़ रुपये दर्ज किया गया। सकल आयात राजस्व 49 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक रहा।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा प्रणाली में डिजिटलीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एकीकरण की आवश्यकता पर बल दिया है। नई दिल्ली में श्री प्रधान ने पीएम ई–विद्या मोबाइल एप्लिकेशन, दीक्षा के दूसरे चरण सहित कई पहलों की शुरुआत की।

श्री प्रधान ने कहा कि दीक्षा डिजिटल प्लेटफॉर्म बारह भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने की सुविधा प्रदान करता है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में कल जिला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी। शाम 5.00 बजे होने वाली इस बैठक में दुर्गा पूजा के आयोजन के लिए कानून व्यवस्था और अन्य प्रबंधन व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी। द्वीपसमूह में दुर्गा पूजा 28 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक चलेगा। श्री विजयपुरम और फरारगंज तहसील की दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्षों और सचिवों को बैठक में उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत, आईसीडीएस शहरी परियोजना की ओर से शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के लिए कक्षा दसवीं और बारहवीं की सीबीएसई टॉपर्स छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष और बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित थे। जिला उपायुक्त ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सीडीपीओ ने योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी पहलों के बारे में जानकारी दी। जिला उपायुक्त ने अपने संबोधन में बालिकाओं की शिक्षा के महत्व और एक प्रगतिशील समाज के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने अभिभावकों से अपनी बेटियों और बेटों को समान अवसर प्रदान करने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने कल द्वीपसमूह के कराटे एथलीटों को सम्मानित किया। नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वीपसमूह के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते। सांसद ने एथलीटों को उनकी सराहनीय उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उनके समर्पण, दृढ़ता और खेल भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता न केवल द्वीपसमूह के लिए सम्मान लाती है, बल्कि अन्य युवाओं के लिए खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने की प्रेरणा भी प्रदान करती है।

श्री रे ने युवा प्रतिभाओं को निखारने और पूरे द्वीपसमूह में कराटे को बढ़ावा देने में डॉ. सेल्वम की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की ।

<><><><><><><>

बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय ने आज की ननकौड़ी और कच्छाल होते हुए कैम्पबेल बे के लिए जहाज नालंदा की यात्रा और 4 सितंबर को सुबह 6 बजे कैम्पबेल बे से वापसी यात्रा स्थगित कर दी है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, जहाज नालंदा अब 4 सितंबर को सुबह 9 बजे हैडो जेट्टी से ननकौड़ी और कच्छाल होते हुए कैम्पबेल बे के लिए रवाना होगा और 6 सितंबर को सुबह 6 बजे कैम्पबेल बे से उसी मार्ग से होते हुए श्री विजयपुरम वापस आएगा। खराब मौसम की स्थिति के चलते जहाजरानी निदेशालय अल्प सूचना पर अंतर–द्वीपीय जलयानों को रद्द भी कर सकता है। इसके अलावा, चाथम, बम्बूफ्लाट, डंडस प्वाइंट, होपटाउन और फीनिक्स बे के बीच हार्बर और वाहन फेरी सेवाओं का संचालन भी मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगी।

<><><><><><><>

टीएसजी चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से एक राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। दो श्रेणियों में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रंगों के माध्यम से अपनी कल्पना और कलात्मक कौशल को व्यक्त किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से कल द्वीपों के विभिन्न स्थानों में करमा पूजा का आयोजन किया जाएगा। द्वीपों के कुल 18 स्थानों पर आयोजित होने वाले इस पूजा उत्सव में सभी छोटा नागपुरी रांची समुदाय के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><><>

इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र के लिए सर्टिफिकेट कार्यक्रम को छोड़कर अपने सभी कार्यक्रमों में नए प्रवेश की तिथि 15 सितंबर तक बढ़ा दी है।

इग्नू ने अगले वर्ष के लिए पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि भी 15 सितंबर तक है, जिसमें सभी ओडीएल और ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए 200 रुपये का विलंब शुल्क शामिल है। इच्छुक छात्र इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट के 'छात्र सेवा–प्रवेश अनुभाग' से नए प्रवेश और पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए श्री विजयपुरम स्थित इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशुपालन चिकित्सा विभाग ने वन विभाग के सहयोग से कार निकोबार के अरोंग गाँव के समग्र पशुधन फार्म में फलदार और चारे वाले पेड़ लगाए। इस अवसर पर बच्चों में पोषण को बढावा देने के उद्देश्य से अंडे वितरित किए गए। कार्यक्रम में कृषि और पारिस्थितिक प्रथाओं को एकीकृत करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स ने चीन के तियानजिन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25वें एस सी ओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के समाचार को प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है। समाचार पत्र में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला प्रशासन की ओर टॉपर छात्राओं को सम्मानित करने के समाचार को भी जगह मिली है। द्वीप समाचार ने पुलिस महानिरीक्षक द्वारा मायाबंदर स्थित उपायुक्त कार्यालस में नवांकुर शिशु गृह सुविधा का उद्घाटन करने के समाचार को प्रमुखता दी है। इसके अलावा पुलिस के एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 किलोग्राम से अधिक मेथामफेटामाइन ज़ब्त करने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने सुर्खी देते हुए लिखा है–बिजली विभाग अभी भी अंधकार युग में। रामपुर स्वास्थ्य उप–केन्द्र में बुनियादी सुविधाओं के मरीजो को हो रही परेशानी को द इको ऑफ इंडिया ने, जबकि एम वी नालंदा की आज होने वाली यात्रा स्थगित करने के समाचार को इंफो इंडिया ने अपने पेपर में जगह दी है।

<><><><><><><>